हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

12 भानुप्रतापपुर सीएचसी एक डॉक्टर के भरोसे...

12 उल्लास साक्षरता महापरीक्षा में 90 फीसदी...




## हादसा : बाइक पर तीन युवक थे सवार और गति थी अनियंत्रित

# एनएच-30 पर अज्ञात वाहन से स्पोर्ट्स बाइक टकराई, सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- तीनों युवकों में से किसी ने नहीं पहना था हेलमेट
- समाचार लिखे जाने तक तीनों युवकों की नहीं हो पाई पहचान

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नाथियानावगांव के पास सोमवार 8 दिसंबर को देर शाम लगभग 6 बजे के आसपास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की वजह उच्च गति से दौड़ती स्पोर्ट्स बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर बताई जा रही है। घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है और सुरक्षा नियमों की अनदेखी के गंभीर परिणामों को फिर से उजागर कर दिया है।

याातायात पुलिस के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब तीन युवक अपनी स्पोर्ट्स बाइक क्रमांक सीजी 19 डब्ल्यूवी 6307 पर सवार होकर एनएच-30 पर यात्रा कर रहे थे। जानकारी के अनुसार बाइक नाथियानावगांव के पास किसी अज्ञात वाहन के पिछले पहिए से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और इसमें सवार तीन युवकों में से दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना स्थल पर पहुंचे यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि युवकों की जेब से किसी भी प्रकार के पहचान दस्तावेज नहीं मिले हैं, इसलिए हादसे तक उनकी पहचान नहीं हो पाई। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बाइक की ▶▶| शेष पेज 10 पर





### लापरवाही के कारण हो रहीं दुर्घटनाएं

विशेषज्ञों का मानना है कि स्पोर्ट्स बाइक की अधिक गति और सुरक्षा नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों के बिना तेज गति से वाहन चलाना खतरनाक साबित हो सकता है। इस घटना ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि तेज रफ्तार और सुरक्षा नियमों की अनदेखी सड़क हादसों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। एनएच-30 जैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालक और यात्री सुरक्षा के नियमों का पालन कर सकते हैं तो कई अनावश्यक दुर्घटनाओं और जीवन की हानि को रोका जा सकता है। यह घटना लापरवाही से हुई है, जिसके चलते दो युवक की जान चली गई।



### सुरक्षा नियमों का नहीं करते हैं पालन

स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-30 पर यह मार्ग अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण खतरनाक माना जाता है। कई बार मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों और ओवरटेकिंग के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यही वजह है कि पुलिस और प्रशासन बार-बार सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की चेतावनी जारी करते रहते हैं, इसके बाद भी जिम्मेदार नागरिक सुरक्षा नियमों का  पालन नहीं करते है।

### यातायात पुलिस ने अपील की

यातायात पुलिस के प्रभारी दीपक साव का कहना है कि यदि सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल किया गया होता, तो शायद यह हादसा इतना भयानक नहीं होता। हादसे की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्थानीय युवाओं और वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वे हमेशा हेलमेट पहनें, निर्धारित गति का पालन करें और सड़क पर सतर्क रहें।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती 18 को, शुष्क दिवस घोषित



**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आगामी 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया गया है। कलेक्टर द्वारा शुष्क दिवस को जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को आदेशित किया गया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में इलाज के दौरान 20 वर्षीय देवेंद्र यादव का 7 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## कोड़े पीएचसी में एंबुलेंस सेवा की माँग, ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के कोंड़े क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोड़े में 102 एंबुलेंस सेवा की स्थाई तैनाती की मांग उठाई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि 102 एंबुलेंस कई बार अन्य क्षेत्रों में व्यस्त रहती है, जिसके कारण स्थानीय मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाएं, गंभीर रोगी और दुर्घटना के शिकार लोगों के लिए यह स्थिति खतरनाक साबित हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। हरिश्चंद्र कावड़े ने कहा कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। 102 एंबुलेंस सेवा को स्थाई रूप से कोड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात करना न केवल आवश्यक है, बल्कि यह ग्रामीणों का मौलिक अधिकार भी है। इससे समय पर उपचार सुनिश्चित होगा और जानमाल की सुरक्षा होगी। ग्रामीणों का आग्रह है कि प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए तुरंत संज्ञान ले और आवश्यक कदम उठाए। इससे कोड़े और आसपास के गांवों के लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा तुरंत उपलब्ध होगी और गंभीर मरीजों के जीवन की रक्षा संभव होगी। स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर क्षेत्र में चर्चा बढ़ती जा रही है और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने तत्काल कदम नहीं उठाया, तो यह विषय सामाजिक रूप से भी उग्र हो सकता है।

## अमोड़ा राइस मिल में हमाल की मौत के मामले पर संचालक- साझेदार के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- हादसे में हमाल की हुई थी मौत, तीनों के खिलाफ मामला दर्ज



नरहरपुर थाना क्षेत्र के अमोड़ा स्थित महावीर राइस इंडस्ट्रीज धान गोदाम में आठ माह पहले उस वक्त अफरा-तफरी मच गई थी, जब लगभग 25 फीट ऊंची छल्ली अचानक खिसक गई और करीब 300 धान बोरे नीचे काम कर रहे मजदूरों पर टूटकर गिर पड़े। कुछ ही सेकंड में पूरा गोदाम चीख-पुकार से गूंज उठा। इस दर्दनाक हादसे में धमतरी जिले के छिंदभर्री निवासी 34 वर्षीय अश्वन हिरामी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस द्वारा की गई विवेचना में सामने आया कि 5 अप्रैल 2025 को मिल के साझेदार भीरेन्द्र सेन द्वारा मजदूरों को धान की छल्ली से 125 बोरा धान निकालकर 12 चक्का ट्रक सीजी 04 जेसी 8767 में लोड करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद अश्वन हिरामी अपने साथी हमालों जितेंद्र नायक, संदीप कुंजाम, लोकेश नेताम, संमलू नेताम, महात्मा राम मरकाम, राकेश, मनेश्वर, महेश और मिल मुंशी हेमंत लोन्हारे के साथ गोदाम में काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार मिल के मुंशी द्वारा धान बोरे की जांच करने के बाद मजदूर छल्ली के बीच से बोरे निकालकर बाहर भेज रहे थे, जिन्हें दूसरे हमाल ट्रक में लोड कर रहे थे। उसी दिन करीब 11 बजे, जब मात्र चार बोरे निकालना शेष था, तभी अचानक 25 फीट ऊंची छल्ली से लगभग 300 बोरे एक झटके में खिसककर गिर पड़े। बोरे सीधे नीचे काम कर रहे अश्वन, जितेंद्र, संदीप, लोकेश और हेमंत पर गिरे, जिससे वे बोरे के नीचे बुरी तरह दब गए। घटना के बाद गोदाम में काम कर रहे भूपेंद्र, कामता प्रसाद शोरी, टिकेश्वर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### विवेचना में लापरवाही उजागर, मामला दर्ज

विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया कि मिल संचालक और प्रबंधन ने मजदूरों को ना तो कोई सुरक्षा किट दी थी और ना ही छल्ली को सुरक्षित तरीके से रखा गया था। लापरवाहीपूर्वक काम करवाने और असुरक्षित ढंग से बोरे रखने की वजह से यह बड़ा हादसा हुआ। पुलिस ने इस मामले में मिल संचालक साधना शर्मा, साझेदार भीरेन्द्र सेन और मुंशी हेमंत लोन्हारे के खिलाफ धारा 106 (1) एवं 125(अ) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

## जनकपुर वार्ड में ओवरहेड टैंक व सुम्पवेल के लिए भूमिपूजन, पानी संकट से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नगर पालिका परिषद् कांकेर के जनकपुर वार्ड में लंबे समय से व्याप्त पानी की समस्या को लेकर वार्डवासियों की मांग पूरी करते हुए जनकपुर वार्ड क्रमांक 20 में ओवरहेड टैंक और सम्पवेल निर्माण का भूमिपूजन हुआ। इस परियोजना की कुल लागत 1.38 करोड़ रुपये है, जिसमें ओवरहेड टैंक की क्षमता 5 लाख लीटर और सम्पवेल की क्षमता 1.5 लाख लीटर रहेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा जनकपुर वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की समस्या को देखते हुए यह परियोजना अत्यंत आवश्यक थी। ओवरहेड टैंक और सम्पवेल के निर्माण से वार्डवासियों को पर्याप्त, स्वच्छ और नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में पूरी विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति बेहतर और सहज हो। मैं जनकपुर वार्डवासियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ और भविष्य में भी उनकी सभी जरूरतों को प्राथमिकता देने का आश्वासन देता हूँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि यह प्रयास वार्डवासियों को स्वच्छ और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका के सीएमओ पवन मेरिया ने कहा कि नगर पालिका द्वारा यह परियोजना जनकपुर वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में पानी की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस नए ओवरहेड टैंक और सम्पवेल से वार्डवासियों को साफ, पर्याप्त और नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे जीवन स्तर में सुधार होगा और लंबे समय से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नपा उपाध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 10 पर

### समाज के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**दुर्गूकोंदल।** समाज के प्रतिनिधि संरक्षक जगत दुग्गा व सचिव श्यामसिंह नरेटी के नेतृत्व में तहसीलदार दुर्गूकोदल को 9 दिसंबर के बंद की लिखित जानकारी सौंपी। समाज ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसे वे हत्या करार देते हैं। इस मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से हरेश रावटे, उमेश सलाम, अजय मरकाम, यशवंत दुगा, अरुण कल्लो, विजय गावड़े, सुनील सलाम, घनश्याम नरेटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समाज के सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि बस्तर बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और कानून व्यवस्था बनाए रखना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## दुर्गूकोंदल-कोदापाखा मार्ग निर्माण शीघ्र होगा शुरू : विधायक उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



दुर्गूकोदल क्षेत्र ने सोमवार को एक बार फिर विकास की नई उम्मीदों का स्वागत किया, जब अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रम उसेंडी यहां पहुंचे। विधायक के आगमन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत करते हुए क्षेत्र की समस्याओं एवं अपेक्षाओं को सामने रखा। मौके पर उत्साह का माहौल देखते ही बन रहा था। स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया कि दुर्गूकोदल ब्लॉक के कई गांव आज भी सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। खराब सड़क व्यवस्था के कारण आवागमन में दिक्कतें आती हैं, जिससे न केवल दैनिक जीवन प्रभावित होता है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना भी ग्रामीणों के लिए कठिन हो जाता है। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शिक्षा के स्तर को सुधारने की मांग भी ग्रामीणों ने प्रमुखता से रखी। विधायक विक्रम उसेंडी ने सभी मुद्दो को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि जहां भी कमी है, उसे शीघ्र दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित दुर्गूकोदल-कोदापाखा सड़क निर्माण को अब स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो गई है। बहुत जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इस सड़क के बनने से न केवल गांवों का संपर्क सुधरेगा, बल्कि व्यापार, रोजगार और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से जनहित के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि विकास की यह यात्रा लगातार जारी रहेगी और जनता की हर आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक विक्रम उसेंडी के दुर्गूकोंदल पहुचने पर स्वागत कार्यक्रम में कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोदल जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष शकुंतला नरेटी, अशोक जैन, ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### फसल बीमा योजना से संबंधित कार्यशाला में दी जानकारी

**जगदलपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र कुम्हरावण्ड के सभाकक्ष में सोमवार को फसल बीमा योजना के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। उपसंचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि अखिलेश नाग और अन्य कृषि अधिकारियों सहित लोक सेवा केन्द्रों के वीएलई की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी वीएलई को फसल बीमा का पूर्ण प्रोसेस, फॉर्म भरते समय रखी जाने वाली सावधानियां रखने के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### दंडामी लक्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट में व्यंजन प्रतियोगिता आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने राज्य की सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्धन के लिए विशेष गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की है। इस श्रृंखला के तहत 9 दिसंबर को दंडामी लक्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट में एक अनूठी पारंपरिक छत्तीसगढ़ी एवं जनजातीय व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें देश के किसी भी हिस्से से 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 7000 , द्वितीय 5000 रुपये और तृतीय 3000 नकद प्रदान किए जाएंगे।

### लाईवलीहुड कॉलेज में ट्रैक्टर मैकेनिक प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो माह के ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स का संचालन हो रहा है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है इसमें भाग लेने वाले उम्मीदवारों को आवासीय सुविधा भी प्रदान की जाएगी। 16 दिसम्बर तक युवा संपर्क कर सकते हैं।

### धान खरीदी केंद्र का कांग्रेस नेताओं ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** सरगीपाल, जमावाड़ा और बड़े मुरमा धान खरीदी केंद्र का कांग्रेस ने लिया जायजा । निरीक्षण करने पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, मंडल अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, हेमू उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। लेम्पस प्रबंधक और कर्मचारियों समेत किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की गई।

### ट्रैफिक सुधारने चालकों को दी समझाइश

**जगदलपुर।** शहर के व्यस्त संजय मार्केट क्षेत्र में बढ़ते जाम और अव्यवस्थित पार्किंग पर सोमवार को यातायात पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष जैन के नेतृत्व में यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग व टीम मौके पर उतरी। सड़क किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों को हटवाया और चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करने की सख्त समझाइश दी।

# हरिभूमि पर खबर छपी, लिया संज्ञान और स्टेट बैंक का एटीएम हुआ चालू

## ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत, दिया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पखांजुर

खबर का असर

स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम मशीन आखिरकार सुचारु रूप से कार्य करना शुरू कर दिया है। पिछले कई दिनों से खराब पड़ी इस मशीन के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन हरिभूमि समाचार पत्र में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन और बैंक प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई की। पिछले कुछ समय से कापसी स्थित एसबीआई एटीएम में लगातार तकनीकी खराबी आ रही थी, जिसके कारण मशीन से नकदी का वितरण बाधित हो रहा था। ग्रामीणों को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए भी या तो बैंक की लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा था या फिर नकदी निकालने के लिए दूरदराज के कस्बों तक का सफर तय करना पड़ रहा था। इससे न सिर्फ उनका समय बर्बाद हो रहा था, बल्कि उन्हें आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानी हो रही थी। हरिभूमि समाचार पत्र में मशीन के खराब होने और ग्रामीणों की परेशानी से जुड़ी खबर प्रकाशित होने के बाद बैंक प्रबंधन हरकत में आया और तुरंत मशीन की मरम्मत का कार्य पूरा करवाया। एटीएम के दोबारा चालू हो जाने से अब ग्रामीणों को कैश निकालने में हो रही दिक्कतों से मुक्ति मिल गई है। ग्रामीण गणेश कुमार ने बताया कि एटीएम बंद होने से बहुत दिक्कत हो रही थी। गांव के लोगों को मजबूरी में बैंक में घंटों खड़े रहना पड़ता था। हम हरिभूमि अखबार के आभारी हैं, जिसने हमारी समस्या को उजागर किया और प्रशासन का ध्यान इस ओर खींचा।




कापसी की एटीएम चार-पांच दिनों से बंद, किसान लौट रहे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पखांजुर

कापसी क्षेत्र के ग्रामवासी इन दिनों नकदी संकट से बुरी तरह परेशान हैं। वजह है क्षेत्र में कार्यरत एकमात्र एसबीआई एटीएम मशीन का बीते चार-पांच दिनों से खराब पड़ा होना। धान खरीदी का सीजन शुरू होने और खेती-किसानी के कार्यों में पैसे की सख्त जरूरत के बीच एटीएम से पैसा न निकलने के कारण ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

# धान खरीदी : प्रक्रिया के कारण धान खरीदी में 4720.44 क्विंटल की गिरावट आई

# खरीदी में सुस्ती से बच रहे धान, किसानों की मुसीबत बढ़ी, भुगतान में भी विलंब

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पखांजुर



राज्य में इस वर्ष धान की खरीदी की गति पिछले वर्ष की तुलना में काफी धीमी चल रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष 8 दिसंबर तक कुल 18182.92 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी थी। इसके विपरीत इस वर्ष आज तक मात्र 13462.48 क्विंटल धान की ही खरीद हो पाई है। यह अंतर दिखाता है कि धान खरीदी की प्रक्रिया में 4720.44 क्विंटल की बड़ी गिरावट आई है।

किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार है, लेकिन सरकारी खरीद केंद्रों पर पर्याप्त गति नहीं है। खरीदी में देरी से किसानों को भुगतान मिलने में विलंब हो रहा है, जिससे उन्हें अगली फसल की तैयारी और घरेलू खर्चों के लिए आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसान जल्द से जल्द अपनी उपज बेचना चाहते हैं ताकि खुले में रखी फसल को अचानक मौसम में बदलाव या बेमौसम बारिश से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। किसान संगठनों ने सरकार और संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि वे खरीद प्रक्रिया को तेज करें, खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाए तथा परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि किसानों को राहत मिल सके। यदि यही गति बनी रही, तो बड़ी संख्या में किसानों को अपनी उपज कम दाम पर खुले बाजार में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा।

साथ ही ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि धान खरीदी तिथि को बढ़ाया जाए जिससे किसान अपनी फसल उचित मूल्य पर बेच सके। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर टीकाराम देवांगन ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष धान की खरीदी कम हुआ है, हमें आशा है कि समय पर किसानों का धान खरीदी किया जाएगा, यदि किसानों का धान शेष रह जाता है तो उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर उचित व्यवस्था किया जाएगा।

## धान खरीदी चालू करने तहसील कार्यालय के सामने चक्काजाम



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा के नियद नेलनार ग्राम पंचायत पानीडोबीर के धान फड़ लगाकर धन खरीदी किया गया था, लेकिन इस वर्ष खरीदी करने की कोई सुगबुगाहट दिखाई नहीं दे रही थी, जिसे लेकर 8 दिसंबर को क्षेत्र के 18 पंचायत के किसान एवं जनप्रतिनिधियों ने तहसील कार्यालय के सामने अटल चौक पर सुबह 10 बजे से चक्का जाम कर दिया। क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि धान कटाई के बाद से लगातार फड़ चालू करने प्रबंधक एवं तहसीलदार सहित अधिकारियों को आवेदन ज्ञापन देकर पानीडोबीर में फड़ शीघ्र चालू करने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब मिल रहा था, ना ही फड़ चालू किया जा रहा था। क्षेत्र के किसानों का गुस्सा फूटा और वह चांवल, दाल, लकड़ी की सारी व्यवस्था कर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर चक्का जाम कर दिया और शासन प्रशासन सहित सांसद विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कोयलीबेड़ा प्रबंधक को हटाने की जमकर नारेबाजी की गई। पूर्व प्रबंधक के रिटायरमेंट के बाद संस्था में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को संस्था का प्रबंधक प्रभार दे दिया गया है। इसके कार्य शैली से क्षेत्र के किसान ना खुश हैं, नाराज हैं। स्थाई प्रबंधक की नियुक्ति की मांग की है। तीन घंटे के चक्का जाम के बाद प्रशासन जगा और प्रतिनिधि मंडल से उच्च अधिकारियों की चर्चा के बाद 1 बजे चक्का जाम खोला गया। चक्का जाम में क्षेत्र के किसानों सहित, सरपंच, पटेल गायता, ग्रामीण, महिला, पुरुष भारी संख्या में उपस्थित रहें।

### कांगेर घाटी में मिली 100 से अधिक तितलियों की प्रजाति

**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय बटरफ्लाई मीट का समापन किया गया। देश के छह राज्यों राजस्थान, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ से आए प्रतिभागियों ने उद्यान में दर्जनों दुर्लभ व आकर्षक तितली प्रजातियों का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने रखे। कार्यक्रम में शामिल छात्रों, प्रकृतिवादियों, वन्यजीव विशेषज्ञों और नेचर लवर्स ने उद्यान के 16 चयनित ट्रेल्स में फैले अलग-अलग स्थानों पर सूक्ष्म अध्ययन किया। सर्वेक्षण के दौरान टीमों ने तितलियों के प्राकृतिक आवास, उनके भोजन स्त्रोत, प्रजनन व्यवहार और पर्यावरणीय परिस्थितियों से जुड़ी अहम जानकारियां एकत्रित की। सर्वेक्षण के दौरान घाटी में 100 से अधिक तितलियों की प्रजाति मिली। इस दौरान कई महत्वपूर्ण व कम दिखने वाली प्रजातियां भी रिकॉर्ड की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीओ कमल तिवारी, कोलेंग रेंजर धनीराम राजपूत, कुटुमसर रेंजर विल्सेंट जेकब, राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी तथा शोधार्थी युगल किशोर जोशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# नदी पर पुल नहीं होने से धान बिक्री संकट में, हर साल ग्रामीण स्वयं बनाते हैं रपटा



**पखांजुर।** प्रदेशभर व जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो चुकी है, लेकिन परलकोट क्षेत्र के पखांजुर इलाके के शंकरनगर ग्राम पंचायत के आश्रित गांव मरकनार के ग्रामीणों के सामने धान बेचने की एक बड़ी चुनौती खड़ी है। नदी के दुसरे तरफ बसे इस गांव के लोगों को हर साल धान उपार्जन केंद्र तक पहुंचने के लिए सरकारी मदद का नहीं, बल्कि खुद की मेहनत का सहारा लेना पड़ता है। बारिश का मौसम खत्म होते ही ग्रामीणों को सबसे पहले नदी में आवागमन के लिए रास्ता बनाना होता है। ग्रामीण बांस और पाइप का इस्तेमाल करके अस्थाई पुल बनाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीण जयराम सलाम और नंदलाल केरकेट्टा ने बताया कि वे पिछले दो दिनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं, ताकि ट्रैक्टर और अन्य वाहन नदी पार कर सकें और वे अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच सकें। बारिश के मौसम में इन ग्रामीणों के लिए नाव ही एकमात्र सहारा होती है और बारिश के बाद धान बेचने के लिए उन्हें हर साल इसी तरह रपटा बनाकर कड़ी मशक्कत के बाद उपार्जन केंद्र तक पहुंचना पड़ता है। स्थानीय निवासी संभुराम दुग्गा ने बताया कि नदी पर पुलिया न होने के कारण गांव के लोग अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। मरकनार गांव के लोग नदी पर एक स्थाई पुलिया की मांग वर्षों से कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी पर पुल नहीं होने की इस गंभीर समस्या पर न तो बीजेपी और न ही कांग्रेस किसी भी सरकार ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल की यह मशक्कत इस बात का प्रमाण है कि विकास के दावों के बावजूद वे आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। उम्मीद है कि प्रशासन जल्द से जल्द उनकी समस्या का स्थाई समाधान करेगा, ताकि हर साल उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए इस तरह जान जोखिम में डालकर रपटा न बनाना पड़े।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 12 से, समस्याओं का होगा तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

- जिला और विकासखंडवार शिविरों की तारीख और तिथि घोषित
- शिविरों में जिला, ब्लॉक एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आगामी 12 दिसम्बर से 25 मार्च 2026 तक किया जाएगा। उक्त शिविरों में सभी जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने शिविरों के सुचारू रूप से आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्टेला खलखो को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार कोयलीबेड़ा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चारगांव में 12 शुक्रवार दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत चारगांव, छोटेबोदेली, पोरोण्डी, सिकसोड़, सुलंगी, तुरसानी और बदरंगी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार अंतागढ़ विकासखण्ड में शुक्रवार 19 दिसम्बर को हाईस्कूल प्रांगण भैंसगांव में ग्राम बैहासाल्हेभाट, फुलपाड़, कोलर, कोसरोण्डा, मंगतासाल्हेभाट, तालाबेड़ा, ताड़ोकी और बोंदानार तथा दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में 26 दिसम्बर शुक्रवार को स्कूल ग्राउंड चेमल में चिहरो, गुलालबोड़ी, आमागढ़, हानपतरी, बोदेली, गुदूम, तुमड़ीसुर, भेजर, हिंगनपुरी और मेरेगांव ग्राम पंचायत के ग्रामीण शिविर में शामिल होंगे। इसके अलावा भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में बुधवार 07 जनवरी को हायर सेकेण्डरी स्कूल कच्चे में ग्राम पंचायत साल्हे, भैंसाकन्हार, ईरागांव, टेढ़ईकोंदल, भैंसमुण्डी, चौगेल तथा मुल्ला, विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में बुधवार 04 फरवरी को हाई स्कूल प्रांगण कौड़ोसाल्हेभाट में ग्राम पंचायत जिरामतराई, दड़वीसाल्हेभाट, उदनपुर, कामतेड़ा, कोयलीबेड़ा, केसेकोड़ी और कड़मे के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी शुक्रवार को दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के स्कूल ग्राउण्ड मेड़ो में शिविर लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत चाहचाड़, हाहालद्दी, सिहारी, खुटगांव, दोड़दे, साधुमिचगांव, पड़गाल, भुसकी, पलाचूर, दुर्गूकांदल एवं भुरकागुदूम में, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में 18 फरवरी को शीतला मंदिर मैदान चिचगांव में ग्राम पंचायत भानबेड़ा, डोंगरकट्टा, बयानार, उंचपानी, कुल्हाड़कट्टा, रानवाही, मुंगवाल, बुदेली, दाबकट्टा, जलीनकसा, चिचगांव और रानीडोंगरी, 26 फरवरी को अंतागढ़ विकासखण्ड के माध्यमिक शाला खेल मैदान सरेवाही में ग्राम पंचायत भैंसासुर, टेमरूपानी, मण्डागांव, हिन्दुबिनापाल, कानागांव, बुलावण्ड, मासबरस, जेठेगांव, अमोड़ी, कोदागांव तथा 13 मार्च को कांकेर विकासखण्ड के कलमुच्चे चौक में ग्राम पंचायत कलमुच्चे, पीढ़ापाल, मुरागांव, तुलतुली, मांदरी, कुरिष्टीकुर, कोकपुर, मालगांव,कोड़ेजुंगा और बारदेवरी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह 18 मार्च 2026 को चारामा विकासखण्ड के पंडरीपानी हाईस्कूल मैदान में शिविर लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत हाराडुला, हल्बा, भिलाई, पंडरीपानी, भिरौद, करिहा, जेपरा, गितपहर, भानपुरी, रानीडोंगरी, कुरूभाट, टांहकापार, किलेपार, कोटेला एवं तुएगहन तथा 25 मार्च 2026 को नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुसुरपुट्टा मंगल भवन में ग्राम बासनवाही, साईंमुण्डा, मावलीपारा, मांडाभर्री, बांगाबारी, दुधावा, सारवण्डी, मालगांव, दलदली, घोटियावाही, देवडोंगर, शामतरा, धनोरा और भिरौद के ग्रामीण शामिल रहेंगे। उक्त शिविर में कलेक्टर ने अनुभाग स्तर, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने तथा यथासम्भव शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# कम धान खरीदने पर नाराज किसानों ने खरीदी केंद्र में लगा दिया ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶। जगदलपुर

बस्तर में इन दिनों धान खरीदी जोरों पर है और किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों में पहुंच रहे हैं। बड़े मारेंगा धान खरीदी केंद्र में सीमा तय होने से किसानों का गुस्सा फूटा और उन्होंने मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। किसानों का कहना है कि प्रतिदिन सिर्फ 800 क्विंटल की खरीदी सीमा तय कर देने से छोटे किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि 7 से 8 किसान ही धान बेच पा रहे हैं । जबकि अनेक किसान रोज सुबह लाइन में लगते हैं और निराश लौट जाते हैं।

### कम खरीदी होने से किसान लौट रहे

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि पिछले साल खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन 2 हजार क्विंटल खरीदी की जाती थी।

# स्व. अखिल सिंह राठौर को प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर



नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति स्व. अखिल सिंह राठौर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करने के लिए 8 दिसंबर सोमवार को प्रेस क्लब भानुप्रतापपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रेस क्लब के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शोक सभा के दौरान उपस्थित अतिथियों ने स्व. अखिल सिंह राठौर के जीवन और नगर के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने उनके निधन को समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया और उनके सरल स्वभाव तथा मिलनसार व्यक्तित्व का स्मरण किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात, उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें। इस शोक सभा में आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद ड़डसेना, और जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, नरोत्तम सिंह चौहान, सचिन दुबे, छतप्रताप दुग्गा, रजिंदर रंधावा, गिरधारी नरेटी, राजीव श्रीवास, राजेश तिवारी, प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष अजय साहू, सचिव अभिषेक पाण्डे, राजेश रंगारी, दीपक शर्मा, संजय सोनी, यशवंत चक्रधारी, आदित्य गोलानी, अनुज तिवारी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं नगर के गणमान्य नागरिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## पेज 09 के शेष...

### एनएच-30 पर...

गति अत्यधिक थी और युवकों ने हेलमेट का उपयोग भी नहीं किया था। बाईक के रजिस्ट्रेशन नंबर में खमडोढ़गी निवासी ओंकार रायस्त के नाम से है। गंभीर युवक बेहोशी हालत में होने के चलते कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और यातायात विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए रख दिया गया है। पुलिस युवकों की पहचान करने में जुटी हुई है और इसके अलावा पुलिस ने आगे जांच जारी रखते हुए अज्ञात वाहन की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### अमोड़ा राइस मिल...

कुमेटी, शनिदेव नेताम और अन्य मजदूरों ने दौड़कर बोरे हटाए और दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल निजी वाहन से अमोड़ा सीएचसी भेजा गया। यहाँ से गंभीर रूप से घायल अश्वन और जितेंद्र को जिला अस्पताल रिफर किया गया। जिला अस्पताल में हालत नाजुक होने पर अश्वन को रायपुर भेजा गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जनकपुर वार्ड में...

उत्तम यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह एवं राजा देवनानी, व्यापारी प्रकोष्ठ सह संयोजक दीपक खटवानी, पार्षदगण मंजू सारथी, उगेश्वरी उइके, शकुंतला जैन, चित्ररेखा जैन, मीरा सलाम, टिकेन्द्र ठाकुर, नरेन्द्र साहू, अजय सिंह रेनू, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, मतीन खान के अलावा, जिला मंत्री संजय सिन्हा, दिनेश रजक, नीलू तिवारी, ईश्वर कावडे, गिरधर यादव, सपन श्रीवास्तव, अनिरुद्ध साहू, जतिन अट्भैया, मोंटी खटवानी, योगेश साहू, घनेंद्र ठाकुर, हर्शल गजबिये, मुहल्लेवासी एवं नगर पालिका के समस्त कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### दुर्गूकोंदल-कोदापाखा मार्ग...

आदिम जाति सहकारी समिति अध्यक्ष जोहन गावड़े, जनपद सदस्य एवं सभापति राजू नायक, भाजपा नेता दीपक पुड़ो, सरपंच तुलसीराम मतलामी, सोमनाथ नेताम सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुआ श्रद्धालु



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 3 में 7 दिवसीय शिव महापुराण भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक नारायण महाराज शिवलिंग की उत्पत्ति विभिन्न प्रकारों और उपासना विधि का वर्णन किया। जिसमें नगरवासी मंत्र मुक्त होकर झूम उठे। कथा वाचक ने शिवलिंग के उद्भव और महत्व को समझाया जो शिव पुराण का एक प्रमुख विषय है और भगवान शिव के निराकार ब्रह्म स्वरूप का प्रतीक है। विभिन्न प्रकार के शिवलिंगों, ज्योतिर्लिंगों, स्वयंभू शिवलिंग और उनके महत्व का वर्णन किया गया। शिव उपासना को सरल और कल्याणकारी बताया गया। कथा के दौरान नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और कथा वाचक के प्रवचन सुनकर भाव विभोर हो गए। जिसमें कथा स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बन गया। आयोजनकर्ता कुसुम परिहार व अरुण परिहार एवं समस्त नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

## एसडीएम ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**बीजापुर।** एसडीएम जागेश्वर कौशल ने बीजापुर स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, टोकन व्यवस्था, बारदाना आपूर्ति तथा धान तौल प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों से खरीदी कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को बिना किसी परेशानी के टोकन वितरण, साफ-सुथरी तौल, शीघ्र भुगतान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एसडीएम कौशल ने कहा कि खरीदी कार्य में किसान हित सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अपने अधिकारों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

# सरपंच, जनपद सदस्य हुए लामबंद, मूलभूत राशि और अन्य विषयों पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा





कोंटा विकासखंड के सरपंच जनपद सदस्यों ने आज बस स्टैंड परिसर में अपना एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षण कराया। विगत लम्बे समय से पूर्ण विकास से वंचित ग्राम पंचायतों तथा नियद नेल्लानार के ग्राम पंचायतों को वर्ष 2025 - 26 का 15 वें वित्त सहित अन्य मूलभूत मद त्वरित आबंटन करने तथा अन्य मद से ग्राम पंचायतों में होने वाली कार्यों में पचास लाख तक राशि को पंचायत अभिकरण एजेंसी को देने की मांग करते हुए आठ सूत्रीय मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जनपद सीईओ के माध्यम सौंपा है।

■ 8 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सीएम के नाम से जनपद सीईओ को सौंपा

ज्ञापन में विकासखंड के सभी जनप्रतिनिधियों ने लिखा है कि सुकमा में जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को वर्ष 2025-26 का 15 वें वित्त राशि एवं अन्य मूलभूत की राशि आज प्रयन्त तक आबंटन नहीं हुआ है। जबकि पंचायत चुनाव के एक वर्ष होने जा रहा है। इस कारण आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रहा है, क्योकि आवश्यक विकास कार्य, जनसुविधाएं, आधारभूत ढांचे तथा दैनिक पंचायत संचालन सभी प्रभावित हो रहा है। तत्काल आबंटन जारी किए जाने एवमं ग्राम पंचायतो में अन्य मदों से होने वाली कार्यों में पचास लाख तक राशि को ग्राम पंचायत अभिकरण एजेंसी को दिए जाने। विगत वर्ष से श्रद्धाजंलि योजना के तहत मिलने वाला राशि बंद हो जाने तथा पूनः चालू किए जानेश, डीएमएफ मद से जो कार्य शिक्षा विभाग को दिया गया है उसे तुरंत निरस्त कर ग्राम पंचायत को दिए जाने, ग्राम पंचायत के सरपंचों एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों का मानदेय में भी वृध्दि किए जाए। जनपद सदस्यों का मानदेय पांच हजार से बडा कर दस हजार एवं सरपंचों का मानदेय चार हजार से बड़ा कर दस हजार करने तथा वार्ड पंच का मानदेय पांच सौ से दो हजार किए जाने। जनपद विकास निधि कि राशि दो लाख से बड़ा कर पांच लाख किया जाने। जनपद पंचायत के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की राशि चालिस प्रतिशत दिए जाने एवं उसे एक मुश्त राशि जारी किए जाने सहित जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी पंचायतों में डीएमएफ मद से पंचायत प्रस्ताव के आधार पर निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपनी आठ सूत्रीय अंतर्गत समस्याओं को त्वरित निराकरण करने की आशा व्यक्त करते हुए। जनप्रतिनिधियों ने एक सप्ताह के भीतर निराकरण नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होने की बात कही है।

### स्वीकृत कार्य निरस्त करना दोहरा व्यवहार

जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा ने डबल इंजन की सरकार कहते हुए भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए जनप्रतिनिधियों को पार्टी का नाम पूछ-पूछकर कार्य की स्वीकृति दिए जाने तथा अब तक मूलभूत की राशि आंबटन नही किए जाने नक्सल दंश से पटरी पर लौट रहे नियद नेल्लानार जैसे ग्राम पंचायतों को आंबटन समय पर नही दिए जाने का आरोप लगाते हुए अपनी बात रखी। वहीं सरपंच संघ के अध्यक्ष मड़कम मुका, उपाध्यक्ष देवेंद्र तेलाम, जनपद उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष माड़वी देवा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी आवाज मुखर की और नारे लगाए। पंचायत प्रतिनिधियों की जायज मांगों के समर्थन में कोंटा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर पांडेय, पार्षद देवी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया धरना स्थल पहुंच अपना समर्थन दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा, सरपंच दयावति, सुन्नम नागेश, सरपंच मड़काम कृष्णा सहित नमीर अली शब्बीर प्रकाश इरफान कार्यकार्ता वनांचल क्षेत्रों के सरपंच जनपद सदस्य मौजूद थे।

## कर्मचारियों ने 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन विधायक को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के विभिन्न छात्रावासों व आश्रमों में मजदूरी दर पर कार्यरत रसोईया, चौकीदार, जलवाहक सहित अन्य कर्मचारी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आज बड़ी संख्या में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नियमित भुगतान तथा कार्य आदेश जारी करने जैसी मूलभूत समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निराकरण करने की गुहार लगाई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि विगत कई महीनों से भुगतान में निरंतर विलंब हो रहा है, जिसके चलते उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

विधायक ने कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा किपूर्व में जब हमारी सरकार थी तब सभी वर्गों को नियमित भुगतान सुनिश्चित होता था और कर्मचारी सम्मानपूर्वक कार्य करते थे। लेकिन वर्तमान सरकार ने भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए रसोइया व अन्य कर्मचारियों को पिछले आठ महीनों से वेतनमान बंद कर दिया है, जो अत्यंत दुःखद और अमानवीय है।

आज भी अनेक कर्मचारियों को कार्य आदेश जारी न होना सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से दृढ़ता पूर्वक मांग की कि सभी रसोईया, चौकीदार, जलवाहक एवं अन्य श्रमिक कर्मचारियों की श्रम सम्मान राशि का भुगतान तत्काल पुनः प्रारम्भ किया जाए। जिससे इन कर्मचारियों को लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक संकट से राहत मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों की समस्याओं को विधानसभा और शासन स्तर तक मजबूती से उठाएंगे तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव साथ खड़े रहेंगे।

# सांसद ने बस्तर के युवाओं के लिए विशेष पहल की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा में नक्सल प्रभावित जिलों के युवाओं के लिए विशेष पहल की मांग उठाते हुए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और एनएसएस कार्यक्रमों की स्थिति पर जानकारी चाही। उन्होंने पूछा कि देश भर में इस योजना के अंतर्गत अब तक कितने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है। क्या सरकार प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने ओडिशा के भद्रक और बालासोर जिलों में स्वयंसेवकों की तैनाती बढ़ाने एवं गतिविधियों के विस्तार से जुड़ा प्रश्न भी रखा। मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत देश में कुल 13,206 स्वयंसेवकों की नियुक्ति प्रस्तावित है, जिनमें से 3,058 की नियुक्ति पूरी हो चुकी है और 8,395 पदों पर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों का जिला अधिकारियों के साथ समन्वय कर माय भारत सहित युवा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है।

### बस्तर के लिए विशेष पहल की मांग

पूरक प्रश्न में सांसद ने कहा कि बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में युवा अक्सर मुख्यधारा से भटक जाते हैं, ऐसे में एनएसएस के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आवश्यक है। मंत्री ने बताया कि एनएसएस राज्य सरकारों के साथ योजना है, जिसका उद्देश्य युवा नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए संगठित करना है।

### प्रशिक्षण मजबूत करने पर जोर

सांसद और प्रताप चंद्र सारंगी के प्रश्न पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय युवा कोर योजना के अंतर्गत देशभर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हजारों स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। प्रशिक्षण, निगरानी और पर्यवेक्षण को मजबूत करने के लिए संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं। ओडिशा के भद्रक और बालासोर जिलों में तैनाती बढ़ाने, प्रशिक्षण सहयोग और कार्यक्रम गतिविधियों में वृद्धि के प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं।

## ग्रामीणों को कंबलों का किया वितरण



**गीदम।** मां वंगे डोकरी यायो शिक्षण एवं जनकल्याण समित द्वारा समाजसेवा की पहल करते हुए गीदम जनपद के ग्राम पंचायत बुधपदर में बुजुर्ग माताओं एवं ग्रामीणों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। सर्द मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने हेतु आयोजित यह कार्यक्रम गांव में सौहार्द और सहयोग की भावना से भरपूर रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक संवेदना और सहयोग पहुंचाना है।

# 4 छात्राएं तैराकी स्पर्धा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा जारी पत्र के अनुसार 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता तैराकी बालिका 14, 17 एवं 19 वर्षीय आयु वर्ग में बीजापुर जिले की चार प्रतिभाशाली बालिकाओं का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 12 दिसंबर से 17 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित होगी जिसमें देशभर के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

बीजापुर जिले से चयनित खिलाड़ी जिनमें अंडर 14 वर्ग रीता पोरतेटी एवं गुंजन कोरसा वहीं अंडर 19 वर्ग सदना पोरतेटी एवं अक्षिता तोड़ेम प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के साथ स्वीमिंग कोच दिप्ती वर्मा 10 दिसंबर को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

कलेक्टर संबित ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये प्रतिभाशाली छात्राएँ न केवल अपने विद्यालय का बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय पर रोशन करेंगी। आप सभी में अपार क्षमता है। पूर्ण मनोयोग से अभ्यास करें और बेझिझक अपने कौशल का प्रदर्शन करें। जिले से चार खिलाड़ियों का चयन होना बीजापुर के लिए गर्व की बात है। इन बालिकाओं ने कठिन मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। इस दौरान खेल अधिकारी नारायण गवेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया उपस्थित थे।

### मलेरिया मुक्त अभियान का शुभारंभ

# स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन : अटामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13वें चरण का आज विकासखंड कटेकल्याण के बस स्टैंड परिसर से औपचारिक शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि अभियान के तहत 8 से 31 दिसंबर तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमला घर-घर पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति का मलेरिया टेस्ट करेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया से बचाव और जागरूकता संबंधी जानकारी भी आमजन को प्रदान की जाएगी, ताकि जिले को पूर्णतः मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, इसे हल्के में लेने की गलती बिलकुल नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया संक्रमण मुख्य रूप से गंदे एवं ठहरे हुए पानी में पनपने वाले मच्छरों से फैलता है। इसलिए हमें अपने घरों और आसपास सफाई बनाए रखने, पानी जमा न होने देने और पीने के पानी को हमेशा उबालकर या फिल्टर कर ही उपयोग करने की आदत डालनी होगी। बाहर का अस्वच्छ खाना-पान बीमारी को बढ़ाता है, इसलिए स्वच्छ भोजन करें।

# 5000 से अधिक लोगों ने दी नव साक्षर परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक में उल्लास महा परीक्षा का 7 दिसंबर को आयोजन किया गया। इस महाअभियान में उल्लास केंद्रों में अध्ययनरत नवसाक्षरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के अनेक असाक्षर महिला-पुरुष भी बड़ी संख्या में परीक्षा देने पहुंचे। उनकी भागीदारी और पढ़ने-लिखने के प्रति जागरूकता देखते ही बनती थी, जिससे पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल बना। मधोता सेक्टर के अंतर्गत रेटावंड, खड़का-मधोता, कुंडगुडा, रोतमा, मुंडागांव, गुरिया, राजपुर, केशरपाल, तुरपुरा, बनियागांव भोंड और इसके अलावा बस्तर ब्लॉक के सभी संकुलों में नवसाक्षरों ने सक्रिय रूप से परीक्षा में हिस्सा लिया। गांवों में पहली बार परीक्षा देने वाले कई प्रतिभागियों के चेहरे पर सीखने की ललक और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

■ उल्लास महा परीक्षा संपन्न, नवसाक्षरों का उत्साह उमड़ा

बस्तर ब्लॉक मे लगभग 5000 परीक्षार्थियों ने इस महा अभियान परीक्षा में परीक्षा दिया।

कई परीक्षा केंद्रों में मां -बेटी, पिता- पुत्र भी साथ में परीक्षा देने पहुंचे। इसी क्रम में बस्तर खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन द्वारा विकासखंड के अंतिम सुदूर क्षेत्र मांदलापाल, पाथरी, कांवड़गाव तक पहुंच कर परीक्षा केंद्र देखा। एक परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी अपने दूध पीते बच्चे के साथ परीक्षा देने आई जिसे खंड शिक्षा अधिकारी ने पर्ची देकर परीक्षा में बैठाया। शासन-प्रशासन ने इस आयोजन को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए विशेष मॉनिटरिंग टीमों का गठन किया। उच्च अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। साक्षरता बढ़ाने की दिशा में यह प्रयास शासन की उस दूरदर्शी सोच का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत लक्ष्य रखा गया है कि क्षेत्र का हर नागरिक चाहे पुरुष हो या महिला साक्षरता की श्रेणी में आए।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन बीआरसी अजम्बर कोरामे उल्लास नवभारत साक्षरता बस्तर के नोडल देवेंद्र सोनी सेक्टर नोडल, डमरू दास पंत, खुरेश मंडवी, आयतु राम पाढे, कृष्णा सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर स्वादू, विकास रावटे सभी संकुलों के सीएसी साथी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सप्त शक्ति संगम महिला सम्मेलन मनाया गया



**लोहंडीगुड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर लोहंडीगुड़ा विद्यालय में सप्त शक्ति संगम महिला सम्मेलन मनाया गया। यह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 150 वीं वर्ष की उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माधुरी मंडावी एवं प्रवक्ता सरोज दास और सहसंयोजीका बिंदेश्वरी ठाकुर, सुमित्रा नाग, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलता ठाकुर एवं अन्य आचार्य बसंती यादव, उमेश्वर पटेल, टंकेश्वर कश्यप और सभी माताओं, बहनों के साथ मिलकर सभी के उपस्थिति से यह कार्यक्रम करवाया गया। जिसमें नारी के सात शक्ति एवं कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताके इस कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

# एग्रो पोर्टल को तत्काल बंद किया जाए: बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर संभाग के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि वर्तमान में लागू एग्रो पोर्टल के कारण बस्तर संभाग सहित प्रदेश के अनेक जिलों में सैकड़ों किसान धान बेचने की प्रक्रिया से वंचित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बड़ी संख्या में किसानों को वन अधिकार मान्यता पत्रक (एफआरए पट्टा) दिया गया है और कई किसानों ने इन पट्टों के आधार पर केसीसी ऋण भी प्राप्त किया है। इसके बावजूद एग्रो पोर्टल की जटिल प्रणाली और तकनीकी खामियों के कारण ये किसान धान बेचने योग्य सूची में शामिल ही नहीं हो पाए हैं।

बघेल ने कहा कि ऐसे हालात में किसानों का धान खरीद केंद्रों में पंजीयन नहीं हो पा रहा है, टोकन जारी नहीं हो रहे हैं और प्रक्रिया अत्यधिक विलंब से चल रही है।

इससे किसानों में भारी असंतोष और निराशा है। समिति का स्पष्ट मत है कि जब ऑनलाइन प्रक्रिया किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें और अधिक कठिनाइयों में धकेल रही है, तब सरकार को पुरानी ऑफलाइन धान खरीदी प्रणाली को तत्काल प्रभाव से बहाल करना चाहिए, ताकि हर किसान बिना परेशानी के अपनी उपज बेच सके।

उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में धान खरीदी प्रारंभ हो जाने के बावजूद भारी संख्या में किसान टोकन कटने में देरी, सर्वर डाउन, लॉगिन समस्या, दस्तावेज़ सत्यापन में असंगति जैसी तकनीकी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं के कारण किसान दिनों–दिन खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

# जल संरक्षण के लिए श्रमदान जरूरी : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले ग्राम पंचायत चंदेनार में जल संरक्षण एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने एक अनोखी पहल की गई। जिसमें विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में सामूहिक श्रमदान का आयोजन हुआ। इस श्रमदान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गांव से होकर बहने वाले नाले में कई अस्थायी छोटे-छोटे बांधों का निर्माण किया गया। इन बांधों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य बारिश एवं अन्य जल स्त्रोतों से उपलब्ध पानी को संरक्षित करना है ताकि गर्मी के मौसम में भी किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के जल संरक्षण हेतु किए गए इस पहल से ग्रामीणों के मध्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता आएगी। साथ ही किसानों को विशेष रूप से सब्जियों एवं अन्य फसलों की खेती में लाभ मिलेगा।

विधायक ने कहा कि जल ही जीवन है और यदि हम पानी को सही तरीके से संचित करें तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया और बताया कि रसायन मुक्त खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी बल्कि स्वास्थ्यवर्धक फसलें भी प्राप्त होंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ पटेल सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अमीन-पटवारी भर्ती परीक्षा में 3397 परीक्षार्थियों रहे उपस्थित



**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में अमीन-पटवारी भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में व्यापक तैयारी की गई। इस परीक्षा के संचालन के लिए संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिले में आयोजित इस भर्ती परीक्षा में कुल 4802 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 3397 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखते हुए शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी।

# वृहद एंटी रैबिज टीकाकरण चल रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली नगरीय क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पशु जनित संक्रमणों की रोकथाम के उद्देश्य से आवारा कुत्तों के लिए एक वृहद एंटी रैबिस टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। यह पहल नगर को रैबिस मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका क्रियान्वयन नगर पालिका परिषद बड़े बचेली और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में घूम घूम कर सुरक्षित तरीके से प्रतिदिन 20-25 आवारा कुत्तों को पकड़ कर उन्हें एंटी रैबिस वैक्सीन लगाई जा रही हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने बताया की नगर वासिओं में आवारा कुत्तों का भय हमेशा बने रहता है जिसे दूर करने के लिए यह टीकाकरण अभियान बेहद जरुरी है। नगर पालिका आगे भी इसे निरंतर जारी रखेगा तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आवारा कुत्तों के नसबंदी करने के लिए डॉग शेल्टर होम बनाए जाने हेतु जगह चिन्हांकन करने का प्रयास किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव ने बताया की यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पशु जनित संक्रमणों की रोकथाम के हमारे प्राथमिक उद्देश्य के साथ संचालित किया जा रहा है। रैबिस एक घटक बीमारी है और आवारा पशुओं का टीकाकरण करके हम एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। प्रशासन की यह पहल एक कदम स्वस्थ और सुरक्षित बचेली बनाने की दिशा में एक अनुकर्णीय उदहारण प्रस्तुत करती है।

## केवाईसी के चक्कर में परेशान हो रहे लोग : चौधरी

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश सरकार की नीति आम नागरिकों को परेशान करने के लिए बनाई जा रही है। कभी नवीनीकरण के नाम से कभी केवाईसी के नाम से कभी आधार लिंक के नाम से जनता को लाइन में खड़े होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई जगह सर्वर काम नहीं करता है। कुछ ही माह पूर्व राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया इसके बाद आधार से लिंक कराया गया। फिर से सरकार का आदेश आ गया राशन कार्ड केवाईसी करवाना अनिवार्य है। अंतिम तिथि 8 दिसंबर रखी गई। उन्होंने कहा ट्रिपल इंजन की सरकार की नई गाथाएं सुनने को मिल रही है। इसलिए जनमानस परेशान है। चॉइस सेंटर में भी ऐप नहीं खुल रहा है, राशन कार्ड शो नहीं कर रहा है कहकर हितग्राहियों को वापस कर दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने सुशीला को प्रदान की सिलाई मशीन

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज अलबेलापारा निवासी सुशीला मंडावी को सिलाई मशीन प्रदान की गई। समाज कल्याण की उप संचालक क्षमा शर्मा ने बताया कि हितग्राही द्वारा जनदर्शन में मांग की गई थी, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर द्वारा संबंधित महिला को सिलाई मशीन प्रदाय की गई। इस पर हितग्राही ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दिव्यांग कौशल उन्नयन शिविर 19 से रायपुर में

**कांकेर।** राष्ट्रीय स्तर के आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग कौशल उन्नयन शिविर का आयोजन रायपुर में 19 दिसंबर से जैनम मानस भवन एयरपोर्ट के सामने रायपुर स्थित भवन में शुरू होगा, जो 23 दिसंबर तक रहेगा। इस अवसर पर उनके बौद्धिक, शारीरिक, आध्यात्मिक विकास के भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा शिविर स्थल तक पहुंचने के पश्चात समस्त आवासीय, भोजन इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

### जिपं कृषि समिति की बैठक अब 24 को

**कांकेर।** जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति की बैठक 24 दिसम्बर को प्रातः साढ़े 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक को सभी संबंधितों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आज व कल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में ग्रामीण एवं विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन 9 व 10 दिसंबर को उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गुकोंदल में किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस खेल महोत्सव में तीन अलग-अलग आयु के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में स्थानीय एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, गेड़ी दौड़, गिल्ली-डंडा जैसे रोमांचक मुकाबले कराए जाएंगे। साथ ही एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ भी शामिल है, जिसमें खिलाड़ी अपनी गति और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### पुलिस की संयुक्त दबिश में 7 पकड़ाए आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

**कांकेर।** जिला कांकेर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई संयुक्त



छापामार कार्रवाई में अवैध शराब गतिविधियों में संलिप्त सात लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस की इस कार्रवाई ने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार व खुलेआम शराब सेवन पर लगाम लगाने का संदेश दिया है। सिकसोड़ थाना पुलिस ने चारगांव निवासी रामबत्ती आंचले को अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से शराब की बोतलें और दो नग डिस्पोजल कप जप्त किए गए। बांदे थाना पुलिस ने पीव्ही-88 निवासी मिसार बसु और पीव्ही-98 निवासी मजीस मंडल को अन्य लोगों को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा देते हुए गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी अपने घर परिसर में लोगों को शराब परोसकर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे थे। पखांजुर थाना पुलिस ने कापसी निवासी बिंता पूर्ण और बुधीयारिन पुड़ो को भी इसी तरह अवैध कमाई के लिए शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा। इन सभी छह आरोपियों के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। गोण्डाहुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने ग्राम हांकेर के पास सार्वजनिक स्थान पर देशी महुआ शराब पीते हुए दो युवकों पीव्ही 19 रविन्द्रनगर निवासी 22 वर्षीय शिवा समझदार और पीव्ही 16 कल्याणपुर निवासी 22 वर्षीय बापी हालदार को पकड़ा।

---

### मरीजों की संख्या बढ़ने और स्टाफ की कमी से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है

# भानुप्रतापपुर सीएचसी एक डॉक्टर के भरोसे, बना रेफर सेंटर, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- भानुप्रतापपुर सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्था से मरीज परेशान

अंचल भानुप्रतापपुर के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में शामिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भानुप्रतापपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। सोमवार को अस्पताल का पूरा संचालन कुछ घंटों तक केवल एक डॉक्टर के भरोसे चलाना पड़ा, जबकि अन्य डॉक्टर ट्रेनिंग और मीटिंग के बहाने अनुपस्थित रहे। अचानक बढ़े मरीजों के बोझ और स्टाफ की कमी के कारण ग्रामीण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

सीएचसी में इलाज के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से आए मरीजों ने बताया कि डॉक्टरों की कमी के साथ-साथ मौजूद स्टाफ का व्यवहार भी निराशाजनक है। कई मरीज बिना पूरी जांच के सीधे रेफर कर दिए जाते हैं। अस्पताल में पिछले दो वर्षों से सोनोग्राफी सुविधा बंद है, जिसका सबसे अधिक असर गर्भवती महिलाओं और गंभीर जांच की जरूरत वाले मरीजों पर पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें निजी अस्पतालों में 800 से 1200 रुपए तक खर्च कर जांच करानी पड़ रही है। अस्पताल की छोटी-मोटी जरूरतों और विकास कार्यों के लिए जीवन दीप समिति का फंड होता है, लेकिन इसके दुरुपयोग के आरोप लगातार उठते रहे हैं। अस्पताल में सफाई की स्थिति भी चिंताजनक है। वाटर कूलर के आसपास कीचड़ और गंदगी फैलने से मरीजों को पीने के पानी तक की सुविधा नहीं मिल पा रही। शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा ने कहा कि यह सीएचसी अब सिर्फ रेफर सेंटर बनकर रह गया है। मरीज यहां आते हैं और उन्हें बड़े शहरों में भेज दिया जाता है।



#### स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने रखीं माँगें

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, सोनोग्राफी सुविधा तुरंत शुरू हो, जीवन दीप समिति के फंड की पारदर्शी जांच हो और अस्पताल की सफाई सुधारने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सख्त कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक सीएचसी में अव्यवस्था बनी रहेगी और जनता गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहेगी।

#### प्रशिक्षण चिकित्सा व्यवस्था का हिस्सा है

सीएचसी के अधिकारी सचीन्द्र गोटा ने बताया कि सोमवार को कुल तीन डॉक्टर ड्यूटी पर थे, जिसमें एक डॉक्टर इमरजेंसी संभाल रहा था। अन्य तीन डॉक्टर कांकेर में मेंटल हेल्थ ट्रेनिंग के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण चिकित्सा व्यवस्था का नियमित हिस्सा है और ड्यूटी शेड्यूल उसी के अनुरूप तैयार किया गया है।

---

## वेयरहाउस में ईवीएम-वीवीपीएटी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट यानी वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल वेयरहाउस का विस्तृत आंतरिक निरीक्षण किया। चुनावी तैयारियों को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से किए गए इस निरीक्षण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा और संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने वेयरहाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, सीलिंग सिस्टम और रिकॉर्ड संधारण की बारीकी से समीक्षा की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुर्रे और वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अनिभा रेणु सोनबेर ने मशीनों की स्थिति, रख-रखाव व्यवस्था तथा चुनावी सामग्री के सुरक्षित भंडारण से संबंधित जानकारियाँ कलेक्टर को प्रदान कीं। कलेक्टर क्षीरसागर ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी मशीनें मानक प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से संरक्षित रहें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों भाजपा के राजेन्द्र सिंह गौर और कांग्रेस के पुरुषोत्तम पाटिल से भी चर्चा की और उन्हें वेयरहाउस से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं। दोनों ही प्रतिनिधियों ने वेयरहाउस व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और मशीनों के संधारण से जुड़ी प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

---

## सिलतरा में मूर्ति तोड़ने पर आक्रोश दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



तहसील कांकेर के ग्राम सिलतरा में असामाजिक तत्वों द्वारा आदिवासी समाज की दो सम्मानित विभूतियों डीएसपी स्व. देवेंद्र पोटाई और स्व. जयराम कडियाम की मूर्तियों को तोड़े जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कलेक्टर एवं एएसपी को ज्ञापन सौंपा। जिला वनोपज संघ्ज के अध्यक्ष ने बताया कि 5 दिसम्बर 2025, शुक्रवार की शाम ग्राम सिलतरा में आदिवासियों के लिए आरक्षित श्मशान भूमि में समाज एवं परिवारजनों द्वारा स्थापित डीएसपी स्व. देवेंद्र पोटाई और स्व. जयराम कडियाम की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दोनों दिवंगत व्यक्ति आदिवासी समुदाय की अमूल्य धरोहर थे। स्व. देवेंद्र पोटाई पुलिस विभाग में डीएसपी पद पर कार्यरत रहे और राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित थे, वहीं स्व. जयराम कडियाम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में महत्वपूर्ण सेवाएँ दे रहे थे। उन्होने कहा कि आदिवासी समाज में मृतक स्तंभ या स्मृति स्तंभ स्थापित करना सदियों पुरानी परंपरा है, जिसका धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। इन स्थानों पर त्यौहार एवं पर्व के दौरान पूजा-अर्चना कर पूर्वजों का आशीर्वाद लिया जाता है। ऐसे में मूर्तियों को तोड़ना केवल समाज की भावनाओं को आहत करना ही नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और आस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र है, जहां आदिवासी हितों की रक्षा की संवैधानिक जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं राज्यपाल पर होती है। इसलिए यह मामला अत्यंत गंभीर है और दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी आवश्यक है।

ज्ञापन सौंपने वालों में सियो पोटाई, कमला गुप्ता, गोमती सलाम, शिवभान सिंह मुन्ना ठाकुर, राजकुमार चोपड़ा और अजय भासवानी शामिल रहे।

---

## बासनवाही के न्योता भोज में प्रेम, सहयोग और सामाजिक सरोकार का दिखा संगम



**बासनवाही।** बच्चों की मुस्कुराहट और सेवा की अलख से सजा एक अनोखा जन्मोत्सव तब खास बन गया, जब विद्यालय परिसर में प्रेम, सहयोग और सामाजिक सरोकार का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऐसा राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा एक साल पहले लिए गए निर्णय के तहत हो पा रहा है। बासनवाही में इस वर्ष एक जन्मदिन समारोह ने सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक प्रेरणा की नई मिसाल पेश की। प्राथमिक शाला बासनवाही में आयोजित न्योता भोज ने बच्चों के चेहरे खिलाए और विद्यालय का माहौल हर्ष और उत्साह से भर दिया। जन्मदिन मनाने पहुंचे समाज सेवक संदीप द्विवेदी अपनी माता, बहन और पत्नी रश्मि द्विवेदी के साथ विद्यालय पहुँचे तथा नन्हे-मुन्नों को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसा। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक शुभकामनाएँ देकर इस पल को और यादगार बना दिया। क्षेत्र में शैक्षणिक उन्नयन और सामाजिक सहयोग के लिए निरंतर कार्यरत संदीप द्विवेदी लंबे समय से बच्चों को प्रेरित करने और शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। जन्मोत्सव पर किया गया यह सेवा कार्य उनके सकारात्मक विचारों और समाज के प्रति गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। इस प्रेरक आयोजन में विद्यालय के प्रधान पाठक संतोष मांडवी, शिक्षक अश्वनी कल्लो सहित कई गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में सकारात्मक संदेश देते हैं और समाज में सद्भाव का वातावरण बनाते हैं। जनपद सदस्य पवन नेताम, चन्द्रभान साहू, प्रेमलाल नेताम, तुलेश्वर साहू, सुकचंद ध्रुव, सागरदास वैष्णव और कवलदास मानिकपुरी ने भी बधाई देते हुए इसे समाज में प्रेरणा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। बासनवाही में आयोजित यह विशेष जन्मोत्सव सेवा, सद्भाव और सामाजिक जुड़ाव की मिसाल बनकर सामने आया।

---

## नशा मुक्त भारत की थीम पर आयोजित रासेयो शिविर में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- ठेकाडोडा के रासेयो शिविर में निकाली प्रभात फेरी और दिया संदेश



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयं सेवको का सात दिवसीय विशेष शिविर में नशा मुक्त भारत के लिए युवा थीम पर गोद ग्राम ठेकाडोडा में 1 से 7 दिसंबर तक आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान प्रतिदिन स्वयं सेवकों ने प्रभात फेरी निकाल कर कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी का नारा लगाते हुए ग्राम वासियों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी लिखेश दनात के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में किए गए समस्त प्रकार की शारीरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सेवा कार्यों के बारे में प्रतिवेदन वाचन किया गया। पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य विभाग से आए अधिकारियों के द्वारा स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड, आईपीसी के धाराओं, भारतीय न्याय संहिता, पास्को एक्ट, एड्स उन्मूलन, ब्लड डोनेशन, नशा मुक्ति उन्मूलन, कृषि विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुदानों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। ग्रामवासियों के द्वारा एक दिन की भोजन और चांवल की व्यवस्था की गई। समापन बेला में आए अतिथियों के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को सेवा कार्य के साथ-साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने पर भी जोर दिया।

थाना कच्चे प्रभारी तुलसी राम कोशिमा ने स्वयं सेवको को एक लक्ष्य बनाकर कार्य करने, स्वास्थ्य विभाग के दिव्या सोनटेके, इशरत बेगम जी ने नशा दूर रहने, साफ सफाई से रहने, परमानंद साहू कृषि शिक्षक ने जैविक खेती के बारे, मनमोहन साहू ऑटोमोबाइल शिक्षक ने संचार के बारे एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे समस्त व्याख्याता, शिक्षक के द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया।

शिविर की शुरुआत ग्राम गायता सालिक राम सलाम, ग्राम पटेल सोमजी राम सलाम, ग्राम प्रमुख श्यामसाय सलाम एवं समस्त वार्ड पंचों कि उपस्थिति में हुआ। समापन के दौरान मुख्य अतिथि कांति हिड़को, विशिष्ट अतिथि ज्वाला प्रसाद जैन, प्रेमबती उसेंडी, जितेंद्र जायसवाल, चिमेन्द्र खड़ेहे, रमिता, प्रियंका, लालचंद, नेकराज कोसमा, युवराज, धर्मेंद्र, चंद्रभूषण, गोपाल व अन्य उपस्थित रहें।

---

**नगर में शोक की लहर, शोक सभा में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल**

## स्व. अखिल राठौर को नपं भानुप्रतापपुर में शोकसभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 8 दिसंबर को नगर के मिलनसार, मृदुभाषी तथा समाजसेवी ओम बिल्डकॉन भानुप्रतापपुर एवं अर्जुन कंस्ट्रक्शन के स्वामी स्व. अखिल सिंह राठौर के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर व्याप्त रही। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित शोक सभा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और समाज के अनेक लोगों ने उनकी स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोक सभा के दौरान स्व. राठौर की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं समाजसेवी नरोत्तम सिंह चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आई.एल. पटेल, पार्षद राजिंदर रंधावा, पार्षद भगवान सिंह कुंजाम, पार्षद श्रीमती सुमित्रा साहू, पार्षद राजकुमार यादव, पार्षद गुमान सिंह, पूर्व पार्षद अशोक सिंह सोलंकी, राममिलन साहू सहित नगर पंचायत के अनेक कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही गायक राजेश्वरी, शिक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, सब-इंजीनियर कावड़े तथा अकाउंटेंट पारिकर भी शोक सभा में मौजूद रहे। शोक सभा के दौरान सभी ने स्व. राठौर के सरल स्वभाव, समाजहित में किए गए कार्यों और उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

## उल्लास साक्षरता महापरीक्षा में 90 फीसदी असाक्षर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- जिला में 9765 नवसाक्षरों ने दी परीक्षा



महापरीक्षा अभियान जिला में रविवार 07 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसके लिए 426 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे, जहां महिला नवसाक्षर 6216 और पुरुष नवसाक्षर 3549 कुल 9765 नवसाक्षर ने परीक्षा दी। इसके अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए 2027 तक शत-प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले के सातों विकासखंडों की प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत महापरीक्षा अभियान में अलग नजारा देखने को मिला, जहां एक ही परिवार के कई सदस्यों ने एक साथ परीक्षा दी। उम्रदराज महिला एवं पुरुष शिक्षार्थियों ने भी साक्षर होने के लिए बढ़-चढ़कर परीक्षा दी। इसी क्रम में विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम द्वारा अन्नपूर्णापारा के प्राथमिक शाला परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्राथमिक शाला बागोडार के परीक्षा केंद्र का जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा विकासखंड भानुप्रतापपुर में नक्सली पुनर्वास केंद्र मुल्ला में भी विशेष तौर पर 34 असाक्षरों के द्वारा साक्षर बनने के लिए परीक्षा दी गई। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थी परीक्षा दिलाते हुए पाए गए। इसी प्रकार जिले में लक्ष्य के अनुसार 9765 नवसाक्षरों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए, जहां नवसाक्षरों की उपस्थिति 90 प्रतिशत रही।

---

### जनजातीय गौरव पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई

## धरती, जमीन एवं पेड़-पौधों की सुरक्षा और पूजा जनजातीय परंपरा का मूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में सोमवार को ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनजाति समाज के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और उनके समृद्ध इतिहास पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष किरण नरेटी, मुख्य वक्ता के रूप में आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह, अध्यक्षता प्राचार्य रशिम सिंह, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, भाजपा नेता राजीव श्रीवास, नरोत्तम सिंह चौहान, गिरधारी नरेटी और छत्रप्रतप दुग्गा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को जनजाति समाज के क्रांतिकारियों के देश की आजादी में दिए गए अमूल्य योगदान से अवगत कराया। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि धरती, जमीन और पेड़-पौधों का सम्मान करना जनजातीय परंपरा का मूल है। अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले झंडा उठाने वाले तिलका मांझी थे और जनजाति समाज ने अंग्रेजों को भगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिले के शहीद गेंद सिंह और अन्य जन जाति महानायकों के बारे में बताया। शहीद गुडर धुर के नारे अगर अंग्रेज पेड़ कटाई करते हैं, तो अंग्रेजों के सर काटें का उल्लेख करते हुए संघर्ष की गाथा सुनाई। ऐतिहासिक जानकारी देते हुए बताया कि जब देश आजाद नहीं हुआ था, तब सीपी बरार की राजधानी नागपुर हुआ करती थी और रतनपुर के राजा रायसिंह जगत ने रायपुर को बसाया है।

मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा जनजाति समाज द्वारा देश के लिए किया गया योगदान अस्मरणीय है। प्रधानमंत्री द्वारा जनजाति समाज के लिए चलाई जा रही विशेष योजनाओं का उल्लेख किया, जो गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित कर रही हैं। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसे सभी ने सराहा। अतिथियों ने रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

